एक नजर में

## इंदौर क्लाइमेट लीग की शुरुआत



इंदौर . यूथ की आवाज (दिल्ली), आस संस्था और शेडो संस्था के संयुक्त प्रयास से इंदौर शहर में इंदौर क्लाइमेट लीग कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस पहल के तहत शहर के 85 वार्डों के लगभग 100 किशोर-किशोरियों के साथ दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला के दौरान युवाओं ने चर्चा की कि कैसे इंदौर में समय के साथ बदलाव आए हैं, वे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव जैसे बढ़ती गर्मी, पानी के संकट और बीमारियों का सामना कैसे कर रहे हैं, और किस तरह वे बदलाव की अगुवाई करने के लिए तैयार हैं. इंदौर क्लाइमेट लीग के माध्यम से शहर के युवा जलवायु परिवर्तन के महत्व को समझेंगे, अपने समुदाय को जागरूक करेंगे और हरित व टिकाऊ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. आगामी महीनों में 50 चयनित युवा परिवर्तनकर्ता अपने मोहल्ले में हाइपरलोकल जलवायु-लचीलापन परियोजनाएं तैयार करेंगे और उन्हें लागू करेंगे. यह परियोजनाएं इंदौर की शहरी स्थानीय संस्थाओं और राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान के सहयोग से संचालित होंगी. इस अवसर पर कबीर जन विकास समूह से डॉ. सुरेश पटेल, स्वच्छ भारत मिशन से डॉ. हिमांशु शुक्ला, सजेस्ट संस्था से शालिनी शुक्ला तथा पहल संस्था से प्रवीण और अनुपा गोखले विशेष रूप से उपस्थित रहे.

## अग्रसेन जयंती महोत्सव के कार्यक्रमों का श्रीगणेश



इंदौर . मालवा मील अग्रवाल पंचायत द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती महोत्सव के रंगारंग कार्यक्रमों का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ महेश कुमार अग्रवाल के आतिथ्य में महाराजा अग्रसेन के चित्र पूजन, ध्वजा पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. इस अवसर पर अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोयल भी उपस्थित थे. पंचायत द्वारा 22 सितम्बर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. पंचायत के अध्यक्ष गोविंद गर्ग भमोरी, मंत्री सुशील अग्रवाल एवं गोविंद गोयल ने बताया कि पंचायत द्वारा 22 सितम्बर तक बच्चों के लिए खेलकूद, स्वस्थ शिशु स्पर्धा, चित्रकला सहित विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी. पंचायत के उपाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल एवं कल्याण अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को डांस प्रतियोगिता के साथ ही महाबोला का आयोजन भी किया गया. महिला संगठन की अध्यक्ष अनिता गोयल एवं सचिव मोनिका पोद्दार ने बताया कि मंगलवार, 16 सितम्बर को दोपहर 3 बजे मारवाड़ी कार्निवाल, 17 सितम्बर को मैदा रहित केक बनाने तथा मिसेस अग्रवाल स्पर्धाओं के आयोजन होंगे. आज महोत्सव के शुभारंभ पर आए अतिथियों ने पंचायत द्वारा संचालित समाज की गतिविधियों की प्रशंसा की. प्रारंभ में गोविंद रामजीलाल गोयल, अजय गोयल, अशोक अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, अरविंद गोयल, कल्याण अग्रवाल, मोनिका पोद्दार आदि ने अतिथियों का स्वागत किया. संचालन अध्यक्ष गोविंद गर्ग ने किया और आभार माना मोनिका पोद्दार ने.

## अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ का चिकित्सा शिविर



इंदौर . अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ द्वारा आयोजित पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन के जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में परिवहन नगर स्थित आनंद हा.से. स्कूल परिसर में निशुल्क नेत्र परीक्षण, मोतियाबिंद आपरेशन एवं सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 150 से अधिक मरीजों ने आकर लाभ उठाया. महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल, अध्यक्ष संजय गोयनका, महामंत्री विष्णु गोयल, संयोजक पिंकेश मोदी ने बताया कि शिविर में चोइथराम नेत्रालय के सहयोग से मोतियाबिंद ऑपरेशन, एप्पल हास्पिटल भंवरकुआ के सहयोग से सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आयोजित शिविर में डॉ. पीयूष अग्रवाल, डॉ. राकेश अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा चार घंटे तक मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक औषधियां भी प्रदान की गई. इस अवसर पर अतिथियों का सम्मान कर उन्हें प्रतीक चिन्ह ओमप्रकाश चायवाले, सुरेश गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों ने भेंट किए. शिविर में विष्णु गोयल, पिंकेश मोदी, रमेशचंद्र अग्रवाल, धर्मेन्द्र गर्ग, अवधेश अग्रवाल, दिनेश गर्ग, अभिषेक सोनथलिया, अजय अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल टायर एवं रेखा-नीतेश अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा. महासंघ द्वारा सोमवार, 22 सितम्बर को सुबह 7 बजे रणजीत हनुमान को चोला अर्पित कर भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो पुखराज पैलेस फूटीकोठी पर महाराजा अग्रसेन की महाआरती के साथ संपन्न होगी.

## जहां भगवान, वहां सारे बंधन खुल जाते हैं



इंदौर . हम संसार में रहकर छोटे-मोटे संकटों से घबरा जाते हैं. आनंद का निरंतर निर्झर बहाने वाले कृष्ण ने अपनी लीलाओं से समाज को अनेक संदेश भी दिए. जहां भगवान होते हैं, वहां सारे बंधन खुल जाते हैं. राधा और कृष्ण एक ही हैं। राधा एवं गोपियों के निष्काम प्रेम की बूंद साधना के माध्यम से सागर से मिलकर महासागर बन जाती है. भगवान कृष्ण का व्यक्तित्व और कृतित्व पूरे विश्व में अनुपम माना जाता है. ये विचार हैं वृंदावन धाम डबरा के कथा भूषण आचार्य पं. कौशल किशोर शास्त्री के, जो उन्होंने श्री नागर चित्तौड़ा महाजन वैश्य समाज की मेजबानी में श्राद्ध पक्ष में विश्वकर्मा नगर, अन्नपूर्णा क्षेत्र स्थित मांगलिक भवन पर चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में बाल लीला, गोवर्धन पूजा एवं अन्य प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. कथा में गोवर्धन पूजा का उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया. बाल-ग्वालों ने भगवान कृष्ण के साथ अपनी लीलाएं प्रस्तुत की. कथा शुभारंभ के पूर्व वरिष्ठ समाजसेवी गोपीकिशन महाजन, अतुल-अक्षय मेहता, मनोहरलाल गुप्ता, सुरेश गुप्ता, डॉ. अनिल महाजन, गिरधर गुप्ता (पीपरी), सतीश गुप्ता (देवास), राधेश्याम गजेश्वर (सोनकच्छ), रमेशचंद्र गुप्ता (पोलाखाल) तथा मातृशक्ति की ओर से शोभा गुप्ता, मीना गुप्ता आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया. संयोजक राजेन्द्र महाजन एवं प्रहलाददास मेहता ने बताया कि कथा का यह प्रवाह प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक 17 सितम्बर तक जारी रहेगा.

## नेशनल आर्टिस्ट चैंपियनशिप आज से

इंदौर . शहर के ब्यूटी इंडस्ट्री को बढ़ावा देने व शहर के आर्टिस्टों को आगे बढ़ाने के उद्वेश्य को लेकर 2 दिवसीय नेशनल आर्टिस्ट चैंपियनशिप नेक) का आयोजन 16 व 17 सितम्बर को किया जा रहा है, ऑर्गनाइजर ब्यूटी एजुकेशनिस्ट उन्नति सिंह ने बताया कि शहर के फोनिक्स सीटाडेल मॉल में यह आयोजन किया जा रहा है. पहली बार शहर में इस तरह का आयोजन किया जा रहा हे जिसमें इंटरनेशनल ब्यूटी व हेयर आर्टिस्ट शिरकत करेंगे. साथ ही बॉलीवुड के साथ ही टीवी के प्रसिद्धि कलाकार भी शामिल होंगे. अभिनेत्री हेमा मालिनी, पदमिनी कोल्हापुरे, मनीष वाधवा, दिया बाती फेम नीलू वाघेला, काम्या पंजाबी, अनुपमा फेम चांदनी भगवानानी, प्रांजलि परिहार, श्रेषा तिवारी, और सेलिब्रिटी मैकअप व हेयर आर्टिस्ट भारत गोदांबे एंड डोरिस गोदांबे मुख्य रूप से शामिल होंगे. इसी के साथ 17 तारीख़ को शाम 7 बजे से देवलोक थीम पर फैशन शो का आयोजन किया जाएगा. जो पहली बार किया जा रहा है. साथ ही खास बात यह हे कि हेमा मालिनी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर केक कटिंग करेगी और इंटरनेशनल आर्टिस्ट लाइव हेयर कट व कलरिंग सिखाएंगे.

# निराकरण में लापरवाही बरतने पर अधिकारियों पर होगी कारवाई

**आमजन की समस्याओं का सभी अधिकारी प्राथमिकता से करें निराकरण**

**कलेक्टर ने ली अंतर्विभागीय समन्वय समिति और टीएल की बैठक**



**इंदौर.** आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण तथा उन्हें शासकीय योजनाओं-कार्यक्रमों और सेवाओं का समय पर लाभ उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है.

समस्याओं के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले तथा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक न पहुँचाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी. लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

यह बात कलेक्टर शिवम वर्मा ने कही. श्री वर्मा अंतर्विभागीय समन्वय समिति एवं समय-सीमा पत्रों के निराकरण (टीएल) की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे. बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और निर्देश दिए कि आगामी सात दिवस में निराकरण की गति में ठोस प्रगति लाई जाए. बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर रोशन राय, रिंकेश वैश्य, निशा डामोर सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे. कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि समस्याओं का निराकरण पारदर्शी और प्रभावी ढंग से सकारात्मक हो, जिससे आवेदकों को बार-बार चक्कर लगाने की परेशानी नहीं उठाना पड़े. उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता के साथ कार्य कर आमजन का विश्वास जीतने का आह्वान भी किया.

### 5 अधिकारी-कर्मचारियों पर पेनाल्टी लगायी

कलेक्टर श्री वर्मा ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समयसीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं करने पर 5 अधिकारी-कर्मचारियों पर पेनाल्टी लगायी है। जिन अधिकारी-कर्मचारियों पर पेनाल्टी लगायी उनमें तहसीलदार खुड़ैल व ग्राम पंचायत गारीपिपलिया, खण्डेल, सिमरोल और दतोदा के ग्राम पंचायत सचिव शामिल हैं। बैठक में बताया गया कि आगामी 17 सितम्बर को सेवा पखवाड़े के तहत सभी स्कूलों में पौधारोपण किया जायेगा।

# घायलों से मिले मंत्री विजयवर्गीय

## चिकित्सकों को बेहतर इलाज के दिये निर्देश

**इंदौर.** एयरपोर्ट पर हुई दुखद दुर्घटना के घायलों से अस्पताल में मिलने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मिलने पहुंचे. उन्होंने घायलों के स्वास्थ्य के जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. चिकित्सकों को बेहतर इलाज के दिये निर्देश.इसके अलावा महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़ व अन्य जनप्रतिनिधि पहुंचे. उन्होंने हुँचकर मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. उन्होंने चिकित्सकों को घायलों के बेहतर से बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. संभागायुक्त ने घटना स्थल का मुआयना भी किया और स्थिति का जायजा लिया. घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर एडीएम रोशन राय और संबंधित एसडीएम तत्काल घटनास्थल और अस्पताल पहुँचे. अधिकारियों ने घायलों के उपचार



संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने घायलों से अस्पताल पहुँचकर और देखभाल की सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराई.

# तर्पण की क्रिया पूर्वजों के लॉकर की वह चाबी, जिससे हम संस्कारों का खजाना खोल सकते हैं : पं. तिवारी

**इंदौर.** तर्पण और श्राद्ध अपने पूर्वजों एवं पितरों के प्रति हमारी श्रद्धा और आस्था की अभिव्यक्ति है. श्राद्ध पक्ष में तर्पण की क्रिया एक तरह से पूर्वजों द्वारा सौंपे गए लॉकर की वह चाबी है जिससे हम संस्कारों का खजाना खोल सकते हैं. हमारी नई पीढ़ी को विरासत में संपत्ति के साथ संस्कार भी सौंपना चाहिए. पूर्वजों और पितरों का कर्ज कोई नहीं चुका सकता लेकिन उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है.



ये विचार हैं भागवताचार्य पं. पुष्पानंदन पवन तिवारी के, जो उन्होंने सोमवार को एयरपोर्ट रोड स्थित हंसदास मठ पर श्रद्धा सुमन सेवा समिति की मेजबानी में चल रहे निशुल्क तर्पण अनुष्ठान में शामिल 500 से अधिक साधकों को तर्पण क्रिया के दौरान संबोधित करते हुए व्यक्त किए. आश्रम के महामंडलेश्वर श्रीमहंत रामचरणदास महाराज, महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य एवं सांसद शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य में भगवान हरि विष्णु के पूजन के साथ अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ. सांसद लालवानी ने स्वयं भी अनुष्ठान में शामिल होकर तर्पण क्रिया संपन्न की. अनुष्ठान में प्रतिदिन की तरह आज भी देश के लिए हुए शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियो, होल्कर राजवंश के शासकों एवं गोमाता के लिए भी तर्पण क्रिया की गई. मोहनलाल सोनी की श्राद्ध तिथि भी मनाई गई, जिसमें सांसद लालवानी ने समिति से जुड़ी मातृशक्ति गीता शर्मा, गीता विजयवर्गीय, किरण ओझा, ज्योति शर्मा, गिरिजा सेन, राजकुमारी मिश्रा, लता सोनी, वर्षा जैन, कलावती राठौड़, मंजू सोनी आदि को देवी अहिल्या के चित्र युक्त स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. सभी साधको ने स्व. सोनी के चित्र पर कतारबद्ध होकर पुष्पांजलि समर्पित की. भागवताचार्य पं. पुष्पा नंदन पवन तिवारी और समिति के अध्यक्ष हरि अग्रवाल, राजेन्द्र सोनी, राजेन्द्र गर्ग, मुरलीधर धामानी, महेन्द्र विजयवर्गीय, चंद्रप्रकाश गुप्ता, जवाहरलाल शर्मा, विनय जैन, डॉ. चेतन सेठिया, सूरजसिंह राठौड़, हनुमानप्रसाद सारड़ीवाल, जगमोहन वर्मा, अनिल सांगोले आदि ने हंसदास मठ स्थित गोशाला पहुंचकर गोसेवा भी की.

# हम पितरों को श्राद्ध दें, वे हमें आशीर्वाद देंगे

## गायत्री शक्तिपीठ केशरबाग में प्रतिदिन हो रहा नि :शुल्क तर्पण

**इन्दौर. गायत्री शक्तिपीठ केशरबाग में गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या व शैल जीजी के निर्देश पर पितरों के प्रति अगाध श्रद्धा व प्रेम जागृत करने के उद्देश्य से श्राद्ध पक्ष में 15 दिवसीय तर्पण आयोजन प्रतिदिन सामूहिक रूप से नि:शुल्क प्रात: 8 बजे हो रहा है. सर्वपितृमोक्ष अमावस्या को प्रात: 7 बजे से कई पारियों में तर्पण का आयोजन होगा.**



उक्त जानकारी देते हुये सजल तिवारी ने बताया कि प्रतिदिन अनेक भाई-बहन अपने माता, पिता, भाई, बहन, नाना, नानी, दादा, दादी, अज्ञात, गर्भस्थ मृत शिशु, शहीद सैनिको, दुर्घटना में मृत, मित्र आदि का तर्पण जन व सुगंधित द्रव्य के माध्यम से मंत्रोच्चारण के मध्य किया जा रहा है. तर्पण कार्यक्रम का संचालन करते हुये गुलाबराव ने कहा कि ऋषियों ने यह भी स्मरण रखा कि तर्पण-श्राद्ध की परंपरा को जीवित रखने के लिये उन्हें निरंतर कठोर श्रम भी करना होगा.

इसी उद्देश्य से गायत्री परिवार के सूत्र संचालक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने गायत्री परिवार का गठन किया और देशभर में गायत्री शक्तिपीठो की स्थापना की. तर्पण के आयोजन में मंत्रोच्चारण के साथ जल से पितरों को सच्चे मन से याद कर तर्पण किया जाता है. मृतात्मा के सदगुणों तथा सत्कर्मो की प्रशंसा करने से तर्पण करने वाले को अपना जीवन श्रेष्ठ रीति से व्यतीत करने को तत्पर होते है जिससे उनको पितरों का आशीर्वाद अमृत व अनुग्रह के रूप में मिलता है. आरंभ में देवपूजन लोक सेवा आयोग मप्र के पूर्व सदस्य एन.सी. नागराज ने किया. इस अवसर पर जे.पी. यादव, कैलाश वर्मा, रामबक्श राजपूत, नवल सिंह, महेश पंवार, पूनम त्रिपाठी, महेश कनाडे उपस्थित थी.



# कवि डॉ. कुमार विश्वास का सम्मान

**इंदौर**. रेसकोर्स रोड स्थित अभय प्रशाल पर रविवार की रात को अग्रसेन यूथ क्लब की मेजबानी में आयोजित 'कोई दीवाना कहता है...' कार्यक्रम के सूत्रधार और युग कवि डॉ. कुमार विश्वास का वरिष्ठ समाजसेवी एवं अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के प्रमुख संरक्षक विनोद अग्रवाल, अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल, दिनेश मित्तल, टीकमचंद गर्ग, अशोक ऐरन, गोपाल अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक गोविंद सिंघल, संजय बांकड़ा, प्रयोग गर्ग, संदीप गोयल एवं राहुल गोयल बंटी, यूथ क्लब के अध्यक्ष अंकित गोयल फार्मा, हितेश गोयल, प्रतीक गुप्ता एवं सौरभ बालाजी ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया.

डॉ. विश्वास ने इंदौर के प्रबुद्ध श्रोताओं की ओर से मिले स्नेह के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि इंदौर से मेरे रिश्ते तीन दशक पुराने हैं. आप लोग जब भी बुलाते हैं, अन्य कहीं होने वाले कार्यक्रमों को छोड़कर हमेशा इंदौर को ही प्राथमिकता देता हूं. संचालन संजय बांकड़ा ने किया और आभार माना संयोजक गोविंद सिंघल ने.

# अग्रवाल समाज के जुलूस की तैयारियों में महिला संगठन भी रहेंगी भागीदार

**इंदौर,.** श्री अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के तत्वावधान में आगामी 22 सितम्बर को शाम 5 बजे राजबाड़ा चौक से पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाले जाने वाले जुलूस में अनेक आकर्षण भी होंगे और बच्चों, युवतियों तथा महिलाओं के लिए विभिन्न दिलचस्प स्पर्धाएं भी होंगी. इन सभी स्पर्धाओं की कमान मातृशक्ति के हाथों रहेगी. सोमवार को केन्द्रीय समिति के प्रमुख संरक्षक विनोद अग्रवाल एवं अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल के मार्गदर्शन में शहर के प्रमुख 20 महिला अग्रवाल संगठनों की जाल सभागृह में हुई बैठक में अनेक निर्णय लिए गए.



केन्द्रीय समिति के प्रमुख प्रभारी गणेश गोयल ने बताया कि जुलूस के दौरान बच्चों के लिए फेंसी ड्रेस, युवतियों और महिलाओं के लिए कलश तथा सजी-धजी स्पर्धाएं भी होंगी. कुलेदवी महालक्ष्मी की फूलों से सुसज्जित पालकी के श्रृंगार की जिम्मेदारी भी महिलाओं को सौंपी गई है. शहर के सभी अग्रवाल बाहुल्य क्षेत्रों से महिलाओं का आगमन शाम 4 बजे से शुरू हो जाएगा. राजबाड़ा क्षेत्र में वाहनों के पार्किंग के लिए नजदीकी स्थान देखने के बाद निर्धारित किए जाएंगे. बैठक में पुष्पा गुप्ता, वर्षा बंसल, आभा अग्रवाल, उषा बंसल, रेखा बांकड़ा, प्रतिभा मित्तल, संगीता गुप्ता, स्वाति मंगल सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने शामिल होकर अपने विचार एवं सुझाव भी रखे. केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष राम ऐरन, पी.डी. अग्रवाल, किशोर गोयल, कुलभूषण कुक्की, विष्णु बिंदल, संतोष गोयल, संजय बांकड़ा, अरविंद बागड़ी, गोविंद सिंघल एवं राजेश बंसल भी मौजूद थे।


# कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

**(जनकार्य विभाग)**

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

**निविदा विज्ञप्ति क्र.**: 81/सिविल/25-26/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-20 तक

**निविदा आमंत्रण**

**दिनांक:** 10.09.2025

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR/NON SOR, DATE 02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_450817_1 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 13 के अन्तर्गत झोन के आसपास, परशुराम वाटिका, शिव मंदिर उद्यान के आसपास स्ट्रार्म वॉटर लाईन डालना। | 90 दिवस ₹3,32,345/- | ₹2,000/- ₹3,400/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 02 | 2025_UAD_450821_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 03 के अन्तर्गत नगीन नगर ए. व बी. सेक्टर की सभी गलियों में फुटपाथ पर पेव्हर ब्लॉक लगाना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹29,25,800/- | ₹5,000/- ₹22,000/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 03 | 2025_UAD_450822_1 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 16 के अन्तर्गत छोटा बांगड़दा श्रीराम नगर में शासकीय भूमि पर सामुदायिक भवन का निर्माण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 240 दिवस ₹88,53,000/- | ₹10,000/- ₹66,400/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 04 | 2025_UAD_450824_1 | झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 29 के अन्तर्गत विजय नगर एक्सटेंशन में आवश्यक रोड का लेवल मेंटेंन करते हुए सिमेन्टीकरण करना। (तृतीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹44,51,426/- | ₹5,000/- ₹33,400/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 05 | 2025_UAD_450827_1 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 13 के अन्तर्गत माता मंदिर पंचवटी उद्यान, नीला आकाश के सामने उद्यान के आस पास स्ट्रार्म वॉटर लाईन डालना। | 90 दिवस ₹3,87,249/- | ₹2,000/- ₹3,900/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 06 | 2025_UAD_450828_1 | झोन क्र. 03 के अन्तर्गत नगर पालिक निगम, मुख्य प्रशासनिक भवन में राज्य सफाई कर्मचारी मोर्चा के कार्यालय में आवश्यक सिविल कार्य करना। (आठवा आमंत्रण) | 90 दिवस ₹6,69,285/- | ₹2,000/- ₹6,700/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 07 | 2025_UAD_450829_1 | झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 24 के अन्तर्गत सर्वहारा नगर गली नं. 06 में स्थित शासकीय व्यायामशाला में आवश्यक सिविल, रिपेयरिंग एवं रंगाई पुताई का कार्य करना। (चतुर्थ आमंत्रण) | 180 दिवस ₹29,05,744/- | ₹5,000/- ₹21,800/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 08 | 2025_UAD_450831_1 | झोन क्र. 04 के अन्तर्गत झोनल कार्यालय में आवश्यकतानुसार नवीन कमरों का निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्य करना। (छटवा आमंत्रण) | 180 दिवस ₹29,96,785/- | ₹5,000/- ₹22,500/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 09 | 2025_UAD_450832_1 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 13 के अन्तर्गत सरस्वती उद्यान, आचार्य चाणक्य उद्यान एवं योजना क्र. 51 कमर्शियल मैदान में स्ट्रार्म वॉटर लाईन डालना। | 90 दिवस ₹4,49,375/- | ₹2,000/- ₹4,500/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 10 | 2025_UAD_450834_1 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 61 के अन्तर्गत राधाकृष्ण मंदिर के पास रिक्त शासकीय भूमि खसरा नं. 355/1 पर सांस्कृतिक भवन का निर्माण करना। (पंचम आमंत्रण) | 180 दिवस ₹31,51,844/- | ₹5,000/- ₹23,700/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 11 | 2025_UAD_450835_1 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 75 के अन्तर्गत हिम्मत नगर दरगाह के पास टॉवर से दांगी जी के घर तक सिमेन्टीकरण करना। | 90 दिवस ₹5,62,756/- | ₹2,000/- ₹5,700/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 12 | 2025_UAD_450836_1 | झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 29 के अन्तर्गत विजय नगर की शेष रही बेकलेन से अतिक्रमण हटाकर सिमेन्टीकरण करना। (तृतीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹20,28,093/- | ₹5,000/- ₹15,300/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 13 | 2025_UAD_450838_1 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 62 के अन्तर्गत मुराई मोहल्ला गली नं. 03 व 04 में सिमेन्टीकरण करना। (तृतीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹28,19,452/- | ₹5,000/- ₹21,200/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 14 | 2025_UAD_450839_1 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 10 के अन्तर्गत कुम्हार खाड़ी लक्ष्मी बाई स्टेशन रोड नर्मदा पानी की टंकी के पास कच्ची रोड का सीमेन्ट कांक्रीट करना। | 90 दिवस ₹4,02,065/- | ₹2,000/- ₹4,100/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 15 | 2025_UAD_450840_1 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 75 के अन्तर्गत हिम्मत नगर में मनोहर प्रजापत के म.नं. 65 से 1820 से पूजा राणा के मकान तक एवं धन्नीबाई के मकान से बबलू के मकान तक सीमेन्टीकरण करना | 90 दिवस ₹9,00,221/- | ₹2,000/- ₹9,100/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 16 | 2025_UAD_450841_1 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 48 के अन्तर्गत सूचीबद्ध कॉलोनियों/ बस्ती की क्षतिग्रस्त सड़कों का सिमेन्टीकरण करना एवं संधारण करना। | 90 दिवस ₹8,66,988/- | ₹2,000/- ₹8,700/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 17 | 2025_UAD_450843_1 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 62 के अन्तर्गत चन्द्रभागा कमल यादव जी के घर के पास से व्यासफला तक सिमेन्टीकरण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹12,01,676/- | ₹2,000/- ₹9,100/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 18 | 2025_UAD_450844_1 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 64 के अन्तर्गत तीन इमली से पवनपुरी तक क्षतिग्रस्त रोड का सिमेन्टीकरण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 240 दिवस ₹1,90,81,503/- | ₹12,500/- ₹95,500/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 19 | 2025_UAD_450846_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 49 के अन्तर्गत सांई नाथ कॉलोनी सेक्टर ए में सरस्वती शिशु मंदिर से वंदना नगर एवं गोयल रीजेंसी के पीछे तक सिमेन्टीकरण का कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 240 दिवस ₹1,00,59,086/- | ₹12,500/- ₹50,300/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |
| 20 | 2025_UAD_450847_1 | झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 34 के अन्तर्गत देवास नाका चौराहा पर स्थित रिक्त भूमि पर श्री सेवालाल गोर बंजारा समाज सामुदायिक भवन एवं अतिरिक्त कक्ष का निर्माण करना। (मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसरंचना निर्माण योजना) (तृतीय आमंत्रण) | 240 दिवस ₹10,05,453/- | ₹2,000/- ₹7,600/- | 26-09-2025 6.00 PM 29-09-2025 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

**अधीक्षण यंत्री**
**(जनकार्य विभाग)**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**